<table>
<tr>
<td>तारीख हुक्म</td>
<td>हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज
तेज सिंह चौहान
बनाम
लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी ओसियां)
सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353417121259645</td>
<td>नं. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए</td>
</tr>
<tr>
<td>22/05/26</td>
<td>अपीलार्थी तेज सिंह चौहान निवासी चौहानो की ढ़ाणी, बेगडिया, धुंधाड़ा, ओसियां, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी ओसियां) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 19.01.2026 सुजलॉन कंपनी द्वारा ओसिया तहसील के राजस्व गांव बेगडिया, धुंधाडा, धुंधाड़िया, नेवरा, खालड़ा, मेवासा, डांवरा बारां में पवन उर्जा परियोजना के लिए दी गई लाइसेंस/अनुमति की तारीख, अवधि (साल), लाइसेंस/अनुबंध की शर्ते एवं नियम एवं सुजलॉन कंपनी कि CSR योजनाओं की पूरी सूची व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी ओसियां) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी ओसियां) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई।

अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी ओसियां) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

(आलोक रंजन)
जिला कलक्टर, जोधपुर</td>
<td></td>
</tr>
</table>

RajKaj Ref No.: 22407249
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Alok Ranjan
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.25 15:32:32 IST
Reason: Approved